मेट्रो स्टेशनों का 70 प्रतिशत बेस स्लैब तैयार

■ **वसं, मुंबई:** टनल निर्माण के साथ ही मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने स्टेशन निर्माण के काम की भी रफ्तार बढा दी है। मेट्रो स्टेशन के बेस स्लैब का काम पूरा कर मेट्रो स्टेशन को आकार देने का काम अब तेजी से हो रहा है। एमएमआरसीएल के अनुसार, मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो स्टेशन के बेस स्लैब का काम 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.5 किमी लंबा मेट्रो-3 कॉरिडोर का काम चल रहा है। इस मार्ग पर कुल 26 स्टेशनों का निर्माण कार्य चल रहा है।

लॉकडाउन में बढ़ी रफ्तार

भूमिगत मेट्रो के कुछ स्टेशनों के बेस स्लैब का निर्माण कार्य ट्रैफिक के कारण धीमी गति से चल रहा था। लॉक डाउन के दौरान ट्रैफिक की परेशानी दूर होने के बाद स्टेशनों के बेस स्लैब के निर्माण कार्य में तेजी आई। एमएमआरसीएल के मुताबिक, मुंबई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन के बेस स्लैब का 51 प्रतिशत, वर्ली का 69 प्रतिशत और धारावी मेट्रो के बेस स्लैब का काम 76 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कॉरिडोर के सभी स्टेशनों पर करीब 70 प्रतिशत तक बेस स्लैब का काम पूरा किया जा चुका है।

85% से अधिक टनलिंग का काम पूरा

अप और डाउन दिशा मिलाकर पूरे मार्ग पर करीब 55 किमी लंबा टनल तैयार किया जा रहा है। इसका करीब 85 प्रतिशत टनल तैयार हो चुका है। पूरे मार्ग पर खुदाई का काम करीब 85 प्रतिशत तक हो चुका है। एमआईडीसी स्टेशन का 71 प्रतिशत, मरोल नाका स्टेशन का 67 प्रतिशत, विधानभवन स्टेशन का 65 प्रतिशत और सीप्ज स्टेशन का काम का 58 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। मार्ग पर जल्द ही ट्रैक बिछाने का काम काम शुरू हो जाएगा, इसके लिए पिछले ससाह जापान से ट्रैक मुंबई पहुंच गए हैं। एमएमआरसीएल ने ट्रैक बिछाने के काम के लिए लार्सन ऐंड टुब्रो लिमिटेड (एलऐंडटी कंस्ट्रक्शन) के साथ पहले ही करार कर लिया है।